दिन– गुरूवार दिनांक– 26 / 12 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 03:10 बजे से। अवधिः– 05 मिनट

---

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने आज वीर बाल दिवस के अवसर पर असाधारण उपलब्धियों के लिए शेखपुरा के सौरभ कुमार और नालंदा के गोल्डी कुमारी समेत देशभर के सत्रह बच्चों को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार से सम्मानित किया। इस अवसर पर राष्ट्रपति मुर्मु ने साहिबजादों की बहादुरी और बलिदान को नमन करते हुए कहा कि यह दिन श्री गुरु गोविंद सिंह के पुत्रों के बलिदान और साहस का सम्मान करने का दिन है। सम्मानित बच्चों को कला–संस्कृति, बहादुरी, नवाचार, विज्ञान और प्रौद्योगिकी, सामाजिक सेवा, खेल और पर्यावरण के क्षेत्र में विशिष्ठ उपलब्धियों के लिए पुरस्कार प्रदान किया गया। शेखपुरा जिले के शेखोपुरसराय के सौरभ कुमार को नदी में डूब रहे तीन बच्चों की जान बचाने के लिए यह सम्मान मिला है। जबकि नालंदा के हरनौत की रहने वाली गोल्डी कुमारी को थाईलैंड में आयोजित किए गए विश्व एबेलिटि पारा युथ गेम में एक स्वर्ण समेत तीन पदक जीतने के लिए यह पुरस्कार दिया गया है।

———————————————————

वीर बाल दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने साहिबजादों के बलिदान को नमन किया है। नई दिल्ली के भारत मंडपम में वीर बाल दिवस समारोह को संबोधित करते हुए श्री मोदी ने कहा कि वीर साहिबजादें जोरावर सिंह और फतेह सिंह बहुत छोटे थे मगर उनका साहस आकाश से भी ऊंचा था। उन्होंने कहा कि आज वीर बाल दिवस हमें सिखाता है कि कोई भी परिस्थिति कितनी भी कठिन क्यों ना हो देश और उसके हितों से बड़ी नहीं हो सकती। साल दो हजार बाईस में प्रधानमंत्री मोदी ने गुरू गोविंदसिहं के साहिबजादों को श्रद्धांजलि देने के लिए वीर बाल दिवस मनाने की घोषणा की थी।

———————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज अपनी प्रगति यात्रा के तीसरे दिन शिवहर और सीतामढ़ी जिले में विभिन्न विकास योजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया। हमारे शिवहर संवाददाता ने बताया कि मुख्यमंत्री ने जिले में एक सौ सत्तासी करोड़ रूपये की लागत वाली दो सौ तीस योजनाओं का उद्‌घाटन और शिलान्यास किया। पिपराही प्रखंड के मेसौढ़ा में जिला पंचायत संसाधन केन्द्र, जिला अतिथिगृह भवन, बड़ौदा स्वरोजगार संस्थान भवन समेत विभिन्न भवनों का उद्‌घाटन किया। इसके साथ ही मातृ शिशु अस्पताल भवन, जीएनएम स्कूल भवन, पिछड़ा अति पिछड़ा छात्रावास भवन समेत विभिन्न योजनाओं को शिलान्यास किया। इधर, हमारे सीतामढ़ी संवाददाता ने बताया है कि मुख्यमंत्री श्री कुमार ने सालो से बंद पड़ी रीगा चीनी मिल का पुनरूद्धार के बाद आज शुभारम्भ किया। इसके साथ ही उन्होंने जिले में कई विकास योजनाओं की नींव रखी। मुख्यमंत्री ने बेलसंड में बागमती नदी तटबंध का हवाई सर्वेक्षण भी किया।

---

मौसम विभाग ने अगले तीन दिनों के दौरान राज्य के दक्षिणी हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश की संभावना जताई है। मौसम विज्ञान केंद्र, पटना के अनुसार सत्ताईस से उनतीस दिसम्बर तक बक्सर, भोजपुर, औरंगाबाद, पटना, गया, अरवल, भागलपुर, बांका समेत राज्य के दक्षिण–पश्चिम, दक्षिण–मध्य और दक्षिण–पूर्व भागों में कई स्थानों पर बारिश की संभावना है। विभाग ने कहा है कि पश्चिमी विक्षोभ के फिर से सक्रिय होने के कारण दो दिनों के बाद प्रदेश के अधिकतर भागों में ठंड में बढ़ोतरी हो सकती है।

---

भाकपा माले के पोलित ब्यूरो सदस्य धीरेन्द्र झा ने कहा है कि मिथिलांचल समेत पूरे राज्य में जमीन विवाद के कारण लगातार अपराधिक घटनाएं घट रही है। श्री झा ने समस्तीपुर में पत्रकारों से बातचीत करते हुए आरोप लगाया कि राज्य सरकार अपराध पर नियंत्रण पाने मे विफल है।

---

नवादा के सांसद विवेक ठाकुर ने कहा है कि रजौली में परमाणु बिजलीघर के निर्माण कार्य की प्रक्रिया फिर से शुरू कर दी गई है। उन्होंने कहा कि ऊर्जा विभाग और एनटीपीसी के अधिकारी जल्द ही रजौली का दौरा करेंगे।

———————————————————————

केन्द्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने वीरबाल दिवस के अवसर पर आज बेगूसराय के कचहरी रोड स्थित गुरूद्वारा में मत्था टेका और वीर शहजादों के बलिदान को नमन किया।

———————————————————————

पश्चिम चंपारण जिला मुख्यालय बेतिया समाहरणालय में आज सांसद संजय जायसवाल की अध्यक्षता में वर्ष की अंतिम दिशा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न लोक कल्याणकारी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई।

———————————————————————

समाप्त